# सुजाग्रति समाज सेवी संस्था मुरैना म0 प्र0

एल.आई.जी. 914, न्यू हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुरैना (मध्यप्रदेष) पिन–476001
Email- sujagriti99@gmail.com Website- www.sujagriti.org
Mobile No. 09826318465 / 09977843980

---

## जैवविविधता और गुग्गल संरक्षण एवं आजीविका परियोजना जिला मुरैना म0प्र0

दिनांक 17 / 6 / 2017 को दिल्ली से आय डा0 ललित नारायण व डा0 रावत साहब द्वारा जैवविविधता और गुग्गल संरक्षण एवं आजीविका परियोजना हेतु सुजाग्रति समाज सेवी संस्था मुरैना के कार्य क्षेत्र पर विजिट किया गया। कार्यालय सुजाग्रति में संस्था अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन एवं कार्यकर्ताओं के साथ परियोजना से संम्बिधत चर्चायें की गई व कुछ आवश्यक दस्तावेज चाहे गये व प्रदान किये गये।




बी.एम.सी. अध्यक्ष श्री रामनारायण पिप्पल व बी.एम.सी. सदस्यों के साथ चर्चा की गई। तथा जैवविविधता का संरक्षण एवं संबर्धन कैसे कर रहे हैं व पी.बी.आर. पर भी बात की गई।




तत्पश्चात बाबा देवपुरी पर फील्ड बिजिट किया गया। वहॉ प्राकृतिक गुग्गुल पेड़ों का संरक्षण कैसे किया गया उसे जाना देखा एवं हितग्राही किसानों से प्लान्टेशन का संरक्षण एवं संबर्धन कैसे किया गया व गुग्गुल पेड़ से कैसे गोंद निकाला जाता है तथा मार्केटिंग व्यवस्था क्या है जाना।









इसके बाद गांव नदुआपुरा में बिजिट किया गया तथा किस तरह वहॉ के लोग अपना जीवन यापन कर रहे हैं यह जाना तथा जनसभा ली गई इसके साथ–साथ स्वयं सहायता समूह को भी देखा, गुग्गुल गोंद, करील की टेंटी व सतावर के विषय पर भी चर्चा की गई। बाद में उनके द्वारा चम्बल नदी तथा बीहड़ पर भी विस्तृत जानकारी चाही गई व संस्था अध्यक्ष द्वारा बताई गयी।







अध्यक्ष
सुजाग्रति समाज सेवी
संस्था मुरैना म0 प्र0